3/यो0स०क०-30/2022/...........03

बिहार सरकार
समाज कल्याण विभाग

पत्र संख्या-

स्वीकृत्यादेश
(संख्या/2025-26)

प्रेषक,

योगेश कुमार सागर भा0प्र0से0,
अपर सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार,
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक -6-3-2026

विषय:- **वितीय वर्ष 2025-26 में "सक्षम ऑगनबाड़ी एवं पोषण 2.0" के अन्तर्गत संचालित आँगनबाडी केन्द्र भवन निर्माण/उन्नयन हेतु केन्द्रांश मद में रू० 3020.00 लाख (तीस करोड बीस लाख रू०) मात्र के अतिरिक्त व्यय की स्वीकृति।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि समाज कल्याण विभाग के संकल्प ज्ञापांक-1062 दिनांक 07.03.23 से "सक्षम ऑगनबाड़ी एवं पोषण 2.0" योजना के क्रियान्वयन की स्वीकृति दी गई है तथा समाज कल्याण विभाग के ज्ञापांक 5724 दिनांक 27.11.2017, पत्रांक 2056 दिनांक 15.06.2017 के क्रम में समेकित बाल विकास छत्र योजना के अन्तर्गत ऑगनबाडी केन्द्र भवन निर्माण योजना संचालित है। विभागीय संकल्प सं0-4302 दिनांक- 23.05.2025 से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान योजना के अभिसरण से 45 आँगनबाडी केन्द्र भवनों के निर्माण हेतु स्वीकृति दी गयी है एवं विभागीय संकल्प सं0-4547 दिनांक- 05.06.2025 से PM- JANMAN योजना के अभिसरण से 10 नये स्वीकृत आँगनबाडी केन्द्रों के स्थापना, संचालन एवं भवन निर्माण की स्वीकृति दी गयी है।

वितीय वर्ष 2025-26 में इस योजना अन्तर्गत कुल रू० 16000.04 लाख मात्र के व्यय की स्वीकृति विभागीय स्वीकृत्यादेश सं0- 41 दिनांक-24.04.2025 एवं रू. 26957.81 लाख मात्र के अतिरिक्त व्यय की स्वीकृति विभागीय पत्रांक 110 दिनांक 14.08.2025 तथा रू. 7690.15 लाख मात्र के अतिरिक्त व्यय की स्वीकृति विभागीय पत्रांक 135 A दिनांक 24.12.2025 द्वारा प्रदान की गई है। SNA SPARSHके तहत योजना के संचालन हेतु निर्गत दिशा-निर्देश के अनुरूप संगत राज्यांश मद से आन्तरिक सामंजन के माध्यम से केन्द्रांश मद में अंतरित अतिरिक्त राशि रू० 3020.00 लाख (तीस करोड बीस लाख रू०) मात्र के व्यय की स्वीकृति निम्न प्रकार प्रदान की जाती है-

(राशि लाख में)

क्र.	योजना का नाम	केन्द्रांश/ राज्यांश का अनुपात	PFMS Code	विपत्र कोड	विषय शीर्ष	पूर्व में स्वीकृत राशि	अतिरिक्त स्वीकृत राशि
1	(सक्षम ऑगनबाडी पोषण 2.0) ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण एवं उन्नयन (केन्द्रांश)	60:40	3975 (BR189)	51-4235021020208	0208-53.01	2714.77	1020.00
2	(सक्षम ऑगनबाडी पोषण 2.0) ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन का उन्नयन (केन्द्रांश)			51-4235021020210	0210-53.01	3000.00	2000.00
	योग :- (तीस करोड बीस लाख रू०)						3020.00

2. स्वीकृत राशि की निकासी एवं व्ययन हेतु आईसीडीएस निदेशालय (मुख्यालय) स्तर पर लेखा पदाधिकारी, आईसीडीएस निदेशालय, जिला स्तर पर सभी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी एवं परियोजना स्तर पर सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी घोषित हैं।

3. उक्त स्वीकृत राशि के विरूद्ध आई.सी.डी.एस. निदेशालय द्वारा निर्गत आवंटनादेश के आधार पर ही राशि की निकासी एवं व्ययन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु बिहार वित्तीय नियमों का पालन करने की जिम्मेवारी संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी की होगी।

4. राशि की निकासी एवं व्ययन वित विभाग के पत्रांक – 12888/वि0 दिनांक-03.12.2024, 227/वि० दिनांक 28.03.2025, 235/वि0 दिनांक 01.04.2025**,** 600/वि. दिनांक-06.08.2025**, 950**/वि. दिनांक-12.12.2025**, 191/**वि० दिनांक16.02.2026 एवं समय-समय पर निर्गत अन्य अनुदेशों/परिपत्रों के अनुसार किया जायेगा।

5. स्वीकृत्यादेश पर संचिका संख्या-3/यो0स०क०-30/2022 के टिप्पणी पृष्ट संख्या-**24/टि0** पर दिनांक-**24.02.2026** को आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति इस शर्त के साथ दी गई है कि (क) निकासी के 18 माह के अंदर उपयोगिता प्रमाण पत्र नियंत्री पदाधिकारी महालेखाकार कार्यालय को देना सुनिश्चित करेंगे। (ख) राशि का व्यय बिहार लोक निर्माण संहिता एवं समय-समय पर राज्य सरकार द्वारा संशोधित परिपत्र के आलोक में की जायेगी। (ग) भारत सरकार द्वारा केन्द्रांश राशि की विमुक्ति के पश्चात समानुपातिक राज्यांश राशि की निकासी की जायेगी।

6. यह स्वीकृत्यादेश संचिका संख्या-3/यो0स०क०-30/2022 के टिप्पणी पृष्ट संख्या-**26/टि0** पर दिनांक-**27.02.2026** को सचिव, समाज कल्याण विभाग के अनुमोदनोपरान्त निर्गत की जा रही है।

7. यह चालू योजना है। अत: महालेखाकार, बिहार से प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

विश्वासभाजन

(योगेश कुमार सागर)
अपर सचिव

ज्ञापांक- 3/यो0स०क०-30/2022/ 03 पटना, दिनांक- 6.3.2026

प्रतिलिपि - महालेखाकार (लेखा परीक्षा) बिहार, पटना/अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग/संयुक्त सचिव, वित्त विभाग (बजट शाखा)/विशेष कार्य पदाधिकारी, समाज कल्याण विभाग (बजट शाखा)/निदेशक आई.सी.डी.एस.निदेशालय /सभी प्रमंडलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, आई0सी0डी0एस0 निदेशालय/सभी जिला प्रोग्राम पदाधिकारी/सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

अपर सचिव

ज्ञापांक- 3/यो0स०क०-30/2022/ 03 पटना, दिनांक- 6-3-2026

प्रतिलिपि - कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना/ कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, विकास भवन, पटना/ कोषागार पदाधिकारी, विश्वेश्वरैया भवन, पटना/सभी जिला कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

अपर सचिव

ज्ञापांक- 3/यो0स०क०-30/2022/ 03 दि० 6-3-2026

प्रतिलिपि–विभागीय आई०टी० मैनेजर, को सूचनार्थ एवं स्वीकृत्यादेश की प्रति विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

अपर सचिव